पत्र सं0: 756/शैक्षिक/2019
दिनांक: 20.11.19

कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2019–20 के **विषम संख्यक सेमेस्टर की नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 10/12/2019** होना निर्धारित है। विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् समस्त छात्रों हेतु विषम संख्यक सेमेस्टर के नियमित एवं कैरी ओवर के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 22/11/2019 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। विषम संख्यक सेमेस्टर की परीक्षा देने हेतु अर्ह समस्त छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन पूर्ण करना दिनांक 25/11/2019 दिन सोमवार तक सुनिश्चित करें। उक्त समयावधि के उपरान्त ऑनलाइन परीक्षा फार्म उपलब्ध नहीं होगा।

विषम संख्यक सेमेस्टर परीक्षा में **"एक्स" के रूप में सम्मिलित हो रहे छात्र अपने पूर्व में जमा किये गये परीक्षा शुल्क** एवं विषम संख्यक सेमेस्टर की **कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र रू0 1000.00 प्रति विषय** के निर्धारित परीक्षा शुल्क को ऑनलाइन चालान के माध्यम से बैंक में जमा करने के पश्चात् शैक्षिक अनुभाग के निर्धारित पटल सहायक के पास इस हेतु बने रजिस्टर में स्वयं प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

शैक्षिक सत्र 2019–20 के विषम संख्यक सेमेस्टर के **प्रवेश पत्र दिनांक 07/12/2019 दिन शनिवार को अपरान्ह 05:00 बजे से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकेंगे।**

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. समस्त विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे विभाग के सूचना पट्ट पर छात्रों के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने की व्यवस्था करें तथा सम्बन्धित संकाय सदस्यों को भी अवगत कराते हुये परीक्षा आवेदन पत्रों को निर्धारित तिथि तक शैक्षिक अनुभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि दिनांक 28/11/2019 दिन बृहस्पतिवार को आधार मनाते हुये वर्तमान सेमेस्टर में विधा में अध्ययनरत् समस्त छात्रों की उपस्थिति का सम्पूर्ण विवरण (थ्योरी / प्रैक्टिकल कक्षाओं) दिनांक 02.12.2019 प्रातः 11:00 बजे तक शैक्षिक विभाग में उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे छात्रावासो के सूचना पट्ट पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Examination Notice 2019-20 (Odd Semester)" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें तथा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया की आवश्यक निगरानी भी करें।
6. शाखा प्रबंधक, आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, आजाद नगर, कानपुर।
7. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
8. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
9. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे माननीय कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
10. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप